# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015/20 चैत्र,1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 28**

----

### उच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना

930 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर** (जोगिन्द्रनगर) ः
**श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना) ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय ने नगर निगम शिमला के 25 कि0मी0 की परिधि में कार्यरत अधिक ठहराव वाले कर्मचारियों को स्थानान्तरण करने का निर्णय दिया है;

(ख) यदि हां, तो निर्णय की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार ने इस निर्णय की अनुपालना में क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

### दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

931 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पिछले दिनों जिला मण्डी के नेरचौक स्थित निर्माणाधीन ई0एस0आई0सी0 अस्पताल की दीवारों पर राष्ट्र-विरोधी व साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाले नारे (Slogans) लिखे गए थे; और

(ख) यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## Passenger Facilitators की भर्ती

932 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में सरकार Passenger Skill Development Scheme के अन्तर्गत Passenger Facilitators की भर्ती कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या मापदण्ड हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) प्रदेश में कितने Passenger Facilitators भर्ती किए जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा वर्गवार दें ?

----

## IRDP/BPL Families

933 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state:-
(a) when was the last survey for identifying IRDP/BPL families done in the Pradesh;

(b) how many such families have been identified in the survey; district-wise detail be given; and

(c) there is any proposal to have a fresh survey for identification of BPL families in the State ?

----

## Vacancy Position

934 **Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Shri Randhir Sharma(Sri Naina Deviji) :**
**Shri Virender Kanwar(Kutlehar) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-
(a) presently how many Primary Schools are there in the Pradesh (District-wise details be given);

(b) how many posts of PGT, CHT, HT and JBT are there in the State; out of these how many are vacant; (District -wise details be given);

(c) how many posts of non-teaching staff and part time water carriers are sanctioned in the Pradesh; and

(d) out of these how many posts are vacant and how many GPS are without part time water carrier; (details be given District-wise) ?

----

## निर्माण कार्य न करने के आदेश

935 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने ब्यास नदी के किनारे 25 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण कार्य न करने का आदेश दिया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) सरकार ने क्या प्रदेश में अन्य नदियों के किनारे निर्माण कार्य को रोकने के लिए भी इस तरह का आदेश जारी किया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

----

## नेट उपलब्ध करवाना

936 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने बागवानों को सस्ती दरों पर नेट देने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने बागवानों को यह सुविधा प्रदान की गई; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## टी0 डी0 हेतु आवेदन

937 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत एक वर्ष में रेणुका Forest Division के अन्तर्गत कितने लोगों ने टी0डी0 हेतु आवेदन किया; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) उनमें से कितने को स्वीकृति दी गई; और

(ग) वर्तमान में टी0 डी0 स्वीकृत करने का क्या criteria है ?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0

938 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में IPH Division पांवटा साहिब के अन्तर्गत किन-किन योजनाओं की DPRs लम्बित हैं; ब्यौरा लम्बित रहने के कारण सहित दें ?

----

## बस सेवा

939 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार नेरवा से दिल्ली वाया शिलाई बस चलाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## अनधिकृत कब्जा

940 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने लोग कब-कब से अनधिकृत रूप से सरकारी आवासों में रह रहे हैं; ब्यौरा नामशः व विभागशः दें; और

(ख) कितने लोगों को कितना-कितना Penal Rate of Rent लगाया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

941 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सराहां में Tourism Reception Centre के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है; यदि हां, तो इसके लिए कितने धन का प्रावधान किया गया है और इसमें क्या-क्या सुविधाएं दी जा रही हैं; और

(ख) इस भवन का शिलान्यास कब व किसके द्वारा किया गया और यह कब तक बनकर तैयार हो जाएगा ?

----

## भवन निर्माण

**942 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ग्राम पंचायत डिलमन में पंचायत भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस पर कितना धन व्यय किया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## दुग्ध गंगा योजना

**943 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत दुग्ध गंगा योजना से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## निर्वाचन कार्यालय की स्थापना

**944 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या तहसील बद्दी में निर्वाचन कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## पटवारियों की रिक्तियां

**945 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पटवारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पटवार सर्कलवार दें ?

----

## बागवानों को उपदान

946 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा कितने किसानों को पौधे, शैलवैल तथा बोरवैल लगाने के लिए किस-किस किसान को कितनी-कितनी सब्सिडी (subsidy) दी गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## पठानकोट-शिमला बस सेवा

947 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पठानकोट-शिमला वाया इन्दौरा बस बन्द कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक पुनः चलाने का विचार रखती है ?

----

## ठेकेदारों की अदायगी

948 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत दो वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मण्डलों द्वारा बाजार से क्या-क्या सामग्री खरीदी गई; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान की बकाया राशि लम्बित हैं; यदि हां, तो ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## एच0पी0एम0सी0 की भूमि

949 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में पतलीकूहल (जटेहड़ विहाल) में HPMC की कुल कितनी भूमि है; कितनी सरकारी/वन भूमि इसके आस-पास उपलब्ध हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यहां पर HPMC द्वारा बागवानों व किसानों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं; ब्यौरा क्रमवार दें; और

(ग) इस संस्थान में कितने अधिकारी व कर्मचारियों के पद सृजित हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ?

----

## पर्यटन विभाग की भूमि

950 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में कुल्लू जिला के बड़ाग्राँ विहाल (15 मील) में पर्यटन विभाग की कुल कितनी भूमि है; और

(ख) इसके इर्द-गिर्द कितनी सरकारी/वन भूमि उपलब्ध है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## Road/Bridges Under NABARD

951 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether the budget for the projects (Roads & Bridges) approved under NABARD is being granted as per the schedule for completion of the projects;

(b) if not, the reasons thereof; and

(c) while budgeting during the current financial year the schedule for completion which is normally three years will be followed or not ?

----

## सड़कों की स्वीकृति

952 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में देहरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत PMGSY, NABARD, CRF, WORLD BANK या अन्य मदों में कितनी-कितनी सड़कें स्वीकृत हुई हैं; ब्यौरा वर्षवार, सडक का धनराशि सहित दें; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2014-2015 में कितनी सड़कें वार्षिक सरफेसिंग के लिए (A.S.) प्रस्तावित थी और उनमें से कितनी सड़कों की हुई है; ब्यौरा सड़क के नाम का किलोमीटर सहित दें?

----

## विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत धनराशि

953 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1-1-2013 से 15-2-2015 तक जिला शिमला के अन्तर्गत पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना, विकेन्द्रीयकृत नियोजन तथा विकास में जन सहयोग योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और इस राशि का आबंटन कहां- कहां किया गया; ब्यौरा विकास खण्डवार दें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

954 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Civil Hospital, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत धनराशि

955 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 अप्रैल, 2014 से 15 फरवरी, 2015 तक जिला ऊना में SDP,BASP,MMGPY व VMJS स्कीमों के अन्तर्गत कितने धन का आबंटन हुआ; ब्यौरा स्कीम व पंचायतवार दें?

----

## भवनों का निर्माण

956 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों का निर्माण किया गया तथा उन पर कितनी धनराशि खर्च की गई तथा उनका निर्माण कार्य किस योजना के अन्तर्गत किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में कितने भवनों का निर्माण जारी है तथा कितने नये भवन बनाये जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

**Protection of Heritage Palace**

**957 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that the classes of Government Post Graduate College Chamba have been shifted to newly constructed building at Sultanpur;

(b) if so, what use will the old building of College, Akhand Chandi Palace be put to; and

(c) what steps is the Government taking to maintain and protect this Heritage building which is now lying vacant ?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 25th March, 2015.** **Secretary.**